ये जीवन की डोरी तेरे हाथ सांवरे भजन लिरिक्स

ये जीवन की डोरी,
तेरे हाथ सांवरे,
तेरे हाथ सांवरे।bd।

तर्ज – ये दुनिया ये महफ़िल।

कैसा मिला ज़हर,
ये हवाओं में आज कल,
मिलता नहीं है आज की,
मुश्किल का कोई हल,
जलते हुए चिराग भी,
बुझने लगे हैं यूँ,
कोई गिरा रहा हो,
चिरागों पे जैसे जल,
है जीवन की डोरी,
तेरे हाथ सांवरे,
तेरे हाथ सांवरे।bd।

प्रेमी जो तेरे सांवरे,
उनको बचा ले तू,
अनजान तुझसे जो,
उन्हें अपना बना ले तू,
छिप छिप के वार करती,
है ये मौत बेरहम,
कलयुग में फिर से सांवरे,
जलवा दिखा दे तू,
यें जीवन की डोरी,
तेरे हाथ सांवरे,
तेरे हाथ सांवरे।bd।

हारे का साथी तू,
हारे हुए हैं हम यहाँ,
छोड़ के दर तेरा,
जाएँ तो जाएँ हम कहाँ,
क्या कमी रही कुछ प्यार में,
हमको छोड़ा मझधार में,
हक़ तेरे सिवा [illegible]

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

और नहीं संसार में,
यें जीवन की डोरी,
तेरे हाथ सांवरे,
तेरे हाथ सांवरे।bd।

कैसा असर ये आ गया,
छिप के हवाओं में,
इसको मिटा सके नहीं,
ताक़त दवाओं में,
कर दे करिश्मा श्याम,
तू विनती करे 'मनुज',
ला दे असर ओ सांवरे,
मेरी दुआओं में,
यें जीवन की डोरी,
तेरे हाथ सांवरे,
तेरे हाथ सांवरे।bd।

ये जीवन की डोरी,
तेरे हाथ सांवरे,
तेरे हाथ सांवरे।bd।

Singer / Writer – Sandeep Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com